# बिहार सरकार
# कृषि विभाग

## संकल्प

विषयः– नये राजकीय बीज गुणन प्रक्षेत्रों के स्थापना के लिए कृषि विभाग को शहरी बीज गुणन ईकाईयों में उपलब्ध भूमि की दुगुना भूमि ग्रामीण क्षेत्र में उपलब्ध कराए जाने तथा शहरी बीज गुणन प्रक्षेत्रों की वर्णित भूमि को अन्य विभाग के विकासोन्मुख योजनाओं के प्रयोजनार्थ **IDA (Infrastructure Devlopment Authority)** के माध्यम से निःशुल्क उपलब्ध कराए जाने से संबंधित नीति निर्धारण की स्वीकृति।

राज्य में कृषि विभाग के अधीन 239 राजकीय बीज गुणन प्रक्षेत्र हैं, जिसमें कृषि अनुसंधान एवं बीज उत्पादन का कार्य किया जाता है। इन प्रक्षेत्रों पर उत्पादित गुणवत्तायुक्त बीजों को किसानों को उपलब्ध कराया जाता है, जिससे राज्य में कृषि उत्पादन में वृद्धि हो रही है।

2. राज्य में बढ़ते हुए शहरीकरण एवं औद्योगिक विस्तार की संभावनाओं तथा कृषि के अलावे अन्य विकासोन्मुख योजनाओं हेतु जमीनों की आवश्यकता हो रही है, जिसके लिए कृषि विभाग से जमीनों के लिए कृषि फार्म के हस्तांतरण की मांग की जा रही है। इसमें यह उल्लेखनीय है कि कई जगहों पर कृषि विभाग के कृषि फार्म बढ़ते हुए शहरों के बीच में आ गये हैं, जिससे उनके मूल कार्य को करने में बाधा उत्पन्न होती है।

3. पूर्व में कृषि प्रक्षेत्रों के जमीन हस्तांतरण संबंधी नीति को भी विभागीय संकल्प संख्या 1289 दिनांक 18.04.2006 के द्वारा निर्धारित किया गया था। वर्तमान परिप्रेक्ष्य में इसमें उपरोक्त परिस्थितियों के आलोक में

संशोधन की आवश्यकता है। जमीन हस्तांतरण हेतु निम्न् प्रकार की प्रक्रिया निर्धारित की जाती है :–

(i) कृषि विभाग के शहरी क्षेत्र के कुल 22 (बाइस) राजकीय बीज गुणन प्रक्षेत्र (सूची अनुलग्नकः–01 पर संलग्न) जिसका कुल रकबा 368.12 हेक्टेयर है को आधारभूत संरचना विकास प्राधिकार (IDA, Bihar) को निशुल्क हस्तांतरित किया जायेगा।

(ii) हस्तांतरित की गई भूमि के बदले आधारभूत संरचना विकास प्राधिकार (IDA, Bihar) कृषि विभाग को कुल हस्तांतरित भूमि के दुगुना रकबा राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र में उपलब्ध करायेगी। इसके लिए कृषि योग्य क्षेत्रों में कृषि जमीन का उपयोगिता के आधार पर चयन किया जाएगा, जिससे कि इसे कृषि अनुसंधान एवं बीज उत्पादन के कार्य में उपयोग किया जा सके।

(iii) राजकीय बीज गुणन प्रक्षेत्र हेतु एक ही जगह कम से कम 10 हे0 रकबा के समतुल्य भूमि उपलब्ध करायी जाएगी।

(iv) आधारभूत संरचना विकास प्राधिकार (IDA, Bihar) कृषि विभाग द्वारा उपलब्ध करायी गयी भूमि/जमीन को विभिन्न विभागों को विकासोन्मुख योजनाओं हेतु निशुल्क उपलब्ध करायेगी।

4. वित्त विभाग का अनुमोदन प्राप्त है।

5. राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग का अनुमोदन प्राप्त है।

6. उक्त प्रस्ताव में मंत्रिपरिषद् की स्वीकृति दिनांक 22.04.2026 को प्राप्त है। मंत्रिपरिषद् की बैठक दिनांक 22.04.2026 में मद संख्या–12 के रूप में सम्मिलित किया गया है।

**आदेश** : आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प को बिहार राजपत्र के अगले अंक में सर्वसाधारण की जानकारी हेतु प्रकाशित किया जाय।

**बिहार राज्यपाल के आदेश से**

28/4/2026

**(नर्मदेश्वर लाल)**
**प्रधान सचिव**
कृषि विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञापांक–10 / फसल–प्रक्षेत्र–17 / 2025–2739 / पटना, दिनांक–29/04 / 2026

प्रतिलिपिः– अधीक्षक, राजकीय मुद्रणालय, गुलजारबाग, पटना/ उप सचिव, ई–गजट, वित्त विभाग, बिहार, पटना को संकल्प की प्रति (सी०डी० एवं दो हार्ड कॉपी सहित) बिहार गजट के अगले असाधारण अंक में प्रकाशन हेतु प्रेषित।

28/4/2026

**प्रधान सचिव**
कृषि विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञापांक–10 / फसल–प्रक्षेत्र–17 / 2025–2739 / पटना, दिनांक–29/04 / 2026

प्रतिलिपिः– मुख्य सचिव, बिहार, पटना / विकास आयुक्त, बिहार, पटना / अपर मुख्य सचिव, वित्त विभाग / अपर मुख्य सचिव, योजना एवं विकास विभाग / सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग / सभी विभागीय अपर मुख्य सचिव / प्रधान सचिव / सचिव को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

28/4/2026

**प्रधान सचिव**
कृषि विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञापांक–10 / फसल–प्रक्षेत्र–17 / 2025–2739 / पटना, दिनांक–29/04 / 2026

प्रतिलिपिः–विशेष सचिव / कृषि निदेशक / सभी प्रमंडलीय आयुक्त / सभी जिला पदाधिकारी / सभी प्रमंडलीय संयुक्त निदेशक (शष्य) / संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी / सभी जिला कृषि पदाधिकारी / संबंधित अनुमंडल कृषि पदाधिकारी / मुख्यालय में योजना से संबंधित सभी नोडल पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

28/4/2026

**प्रधान सचिव**
कृषि विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञापांक–10 / फसल–प्रक्षेत्र–17 / 2025–2739 / पटना, दिनांक–29/04 / 2026

प्रतिलिपिः– माननीय मंत्री, कृषि विभाग, बिहार सरकार के आप्त सचिव / प्रधान सचिव के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

28/4/2026

प्रधान सचिव
कृषि विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञापांक–10 / फसल–प्रक्षेत्र–17 / 2025–2739 / पटना, दिनांक–29/04 / 2026

प्रतिलिपिः– अपर मुख्य सचिव, मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

28/4/2026

प्रधान सचिव
कृषि विभाग, बिहार, पटना।

# अनुसूची–01

## शहरी क्षेत्र अंतर्गत राजकीय बीज गुणन प्रक्षेत्रों की विवरणी।

| क्र० | जिला का नाम | अनुमंडल का नाम | प्रक्षेत्र का नाम | कुल रकबा (हे० में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | पटना | पटना सदर | फतुहा | 08.00 |
| | | मसौढ़ी | धनरूआ | 10.00 |
| 2 | नालंदा | बिहार शरीफ | बीजवन | 03.00 |
| 3 | पूर्वी–चम्पारण | जिला प्रक्षेत्र | पीपराकोठी | 41.00 |
| | | मोतिहारी सदर | भवानीपुर | 10.00 |
| 4 | जहानाबाद | जहानाबाद | जहानाबाद | 07.19 |
| 5 | नवादा | नवादा | जिला प्रक्षेत्र | 35.20 |
| 6 | औरंगाबाद | औरंगाबाद | कछपा | 21.00 |
| | | | दाउदनगर | 10.00 |
| 7 | पश्चिमी–चम्पारण | बेतिया | परसा | 53.30 |
| | | | बरवत | 18.34 |
| 8 | मधुबनी | झंझारपुर | अदलपुर | 10.00 |
| 9 | बेगुसराय | बेगुसराय | विष्णुपुर | 18.50 |
| 10 | मुंगेर | मुंगेर | तारापुर | 09.34 |
| | | | संग्रामपुर | 10.34 |
| 11 | पूर्णियाँ | पूर्णियाँ | खुशकीबाग | 33.61 |
| | | | बेलौरी | 10.50 |
| 12 | किशनगंज | किशनगंज | किशनगंज | 09.00 |
| 13 | अररिया | अररिया | अररिया | 10.00 |
| 14 | कटिहार | कटिहार | कटिहार | 20.30 |
| 15 | बांका | बांका | अमरपुर | 09.50 |
| | | | बांका | 10.00 |
| **कुल रकबा (हेक्टेयर में)** | | | | **368.12** |

Bandin 23/5/21

**विशेष सचिव**

कृषि विभाग, बिहार, पटना।